भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1331
सोमवार, 25 जुलाई, 2022/03 श्रावण, 1944 (शक)

महाराष्ट्र में आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना

1331. श्रीमती नवनित रवि राणाः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत, विशेषकर महाराष्ट्र में कितने लाभार्थी है; और

(ख) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के अंतर्गत देश में, विशेषकर मेरे अमरावती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ख): आत्मानिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के तहत दिनांक 10.07.2022 तक, देश में 59.53 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है, जिनमें से 9.64 लाख लाभार्थी महाराष्ट्र राज्य से हैं।

इस योजना के तहत विशिष्ट रूप से कोई राज्य-वार/जिला-वार निधि का आवंटन नहीं किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, योजना के तहत 6400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। योजना की शुरुआत से दिनांक 10.07.2022 तक, 5887.13 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है जिसमें से, अमरावती जिले के 4711 लाभार्थियों को 5.77 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है।

*****